Headline: Motivated for nation building

Print Coverage:

Date	Publication	Edition
29.01.2025	Rajasthan Patrika	All

ब्रीफ न्यूज

राष्ट्र निर्माण के लिए किया प्रेरित

जयपुर @ पत्रिका. आइआइएचएमआर यूनिवर्सिटी ने नेशनल सर्विस स्कीम (एनएसएस) के लिए ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन किया। मुख्य अतिथि एनएसएस के रीजनल डायरेक्टर एस.पी. भटनागर रहे। उन्होंने स्वयंसेवकों को एनएसएस के मुख्य उद्देश्य, कार्यप्रणाली और राष्ट्र निर्माण एवं युवाओं के व्यक्तिगत विकास में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। कार्यक्रम में 60 से अधिक स्वयंसेवकों ने भाग लिया और एनएसएस गतिविधियों के लिए अपना समय और ऊर्जा समर्पित करने की शपथ ली। इन पहलों का उद्देश्य जमीनी स्तर पर प्रभावशाली सामुदायिक सेवा परियोजनाओं के माध्यम से राष्ट्र की मजबूती में योगदान देना है। यूनिवर्सिटी प्रेसिडेंट डॉ. पी.आर. सोडानी ने स्वयंसेवकों को सामुदायिक सेवा के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के लिए प्रेरित किया।